धनबाद, मंगलवार
28 अगस्त 2018
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 12

# दैनिक जागरण

नीरज ने भाला फेंक में स्वर्ण जीतकर देश को खुशी मनाने का एक और मौका दिया है। उन्हें नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने के लिए भी बधाई।
नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

आइएमएफ की रिपोर्ट में दिखती है बदलाव की झलक : जेटली 9
कांग्रेस ही नहीं, देश के भी हैं नेहरू : मनमोहन 11



# भाइयों ने बहनों को दिया आजीवन रक्षा का वचन

**कार्यक्रम**

- दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में मना रक्षाबंधन उत्सव
- बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र

जागरण संवाददाता, आसनसोल : दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में रक्षाबंधन के पवित्र पर्व को मनाया गया। रक्षापर्व श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाया जाता है।

इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने भाई-बहन के प्रेम पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। साथ ही बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधा। भाइयों ने बहनों को आजीवन रक्षा का वचन दिया। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को एक अटूट नाते में बांधने वाले इस पर्व को पारंपरिक रूप में मनाते हुए छात्रों ने इसके महत्व पर विचार व्यक्त किया। अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों ने कहा कि किसी को भी बंधन रुचिकर नहीं लगता लकिन रक्षा सूत्र के इस बंधन में हर व्यक्ति स्वेच्छा से और



रक्षाबंधन पर राखी बांधती छात्रा ● जागरण

बांधना चाहता है। रक्षा बंधन का पर्व हमें संदेश देता है कि मात्र परंपरानुसार रक्षा सूत्र बांधने या बंधवाने से ही काम नहीं चलेगा अपितु हमें यह प्रतिज्ञा लेनी होगी कि परिस्थिति चाहे जैसी भी हो हमें अपनी सोच को सकारात्मक रखना होगा। बहन के माध्यम से समस्त स्त्री जाति के सम्मान की रक्षा करनी होगी तथा विश्वास को कायम रखना होगा।

प्रिंसिपल आरडी शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व दायित्वों का बोध कराने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि यह पर्व रिश्तों की जीवंतता को अक्षुण रखकर हमारे सामाजिक दायित्वों के प्रति हमें सचेत रखने का संदेश देता है। हमें भारतीय परंपरा का निर्वाह करते हुए सभी रिश्तों के प्रति समान प्रेम और सम्मान रखना चाहिए।